# हमीरपुर में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में 1108 आवेदनों का किया गया निराकरण

**❑ जनसंवाद का माध्यम है समस्या निवारण शिविर-कलेक्टर कार्तिकेया गोयल**

**❑ कलेक्टर गोयल ने जनसामान्य से शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु किया प्रोत्साहित**

**रायगढ़**



शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही ग्रामीणों की समस्याओं, शिकायत एवं आवश्यकताओं के समाधान के लिए आज तमनार विकासखंड के ग्राम हमीरपुर में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर से पूर्व 926 तथा आज आयोजित शिविर में मौके पर 616 सहित कुल 1542 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें 1108 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने शेष आवेदनों का शीघ्र गुणवत्तापूर्ण निराकरण करते हुए आवेदकों को सूचित करने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर लैलूंगा विधायक विद्यावती सिदार, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र उपस्थित रहे।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी जो भी समस्याएं एवं मांग है उसे स्थानीय स्तर पर निराकरण किया जा सके इसके लिए जिला स्तरीय अधिकारी इस शिविर के माध्यम से आपके बीच यहां उपस्थित है। उन्होंने कहा कि चीजों को हम सुधार के नजरियें से देखे। समस्या निवारण शिविर स्थानीय जनसंवाद का माध्यम बना है। जो प्रशासन के लिए फीडबैक जानने का बढिय़ा तरीका है। सभी ग्रामवासी अपने स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं शिविर के माध्यम से अपनी समस्या बता सकते है। कलेक्टर गोयल ने सभी ग्रामवासियों को यहां लगे स्टॉल में जाकर शासकीय योजनाओं की जानकारी लेकर उसका लाभ उठाने का आग्रह किया। उन्होंने सभी को अपना राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड एवं आधार कार्ड अपडेट कराने को कहा, ताकि शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सके।

शिविर में सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने आग्रह करते हुए कहा कि शिविर के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। इसके लिए अलावा जो शेष है वह इस शिविर के माध्यम से अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते है। आधार कार्ड में त्रुटि सुधार करवाने के साथ ही जिन बच्चों का जाति प्रमाण-पत्र नहीं बना है वे आवेदन कर सकते है। जिनका निराकरण अतिशीघ्र किया जाए।

इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष सविता कमल राठिया, डीडीसी सहोद्रा दुर्गेश राठिया, रोहिणी बसंत राठिया, बीडीसी संपत्ति यशवंत सिदार, जयकुमार किसान, सरपंच हमीरपुर बेलमति खण्डैत, सरपंच रायकेरा जानकी राठिया, सरपंच देवगांव राधिका राठिया, सत्यानंद राठिया, विनायक पटनायक, रामचरण, अरूण राय, सतीश कुमार बेहरा, हेमसिंह राठिया, दयानंद पटनायक, जागेश्वर बेहरा, पितेश बेहरा, अमल साय राठिया, बंशीधर चौधरी, संतोष यादव, एसडीएम घरघोड़ा रमेश मोर, तहसीलदार तमनार ऋचा सिंह, सीईओ जनपद तमनार मदन लाल साहू सहित जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

**कलेक्टर एवं एसपी स्टॉल पहुंचकर लिए फीडबैक**

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल एवं एसपी दिव्यांग पटेल ने जन समस्या निवारण शिविर में लगे विभागीय स्टॉल में पहुंचे लोगों से बात की। उन्होंने उनसे जिला स्तरीय विभागों के गांव में पहुंचने से होने वाली सुविधाओं का फीडबैक भी लिए। जिस पर लोगों ने कहा कि इससे आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, श्रम कार्ड एवं स्वास्थ्य जांच के साथ विभिन्न विभागों के योजनाओं की जानकारी तथा आवेदन करने का मौका गांव में ही मिल रहा है। मौके पर कलेक्टर गोयल ने सभी विभागीय अधिकारियों को विभागीय योजनाओं से जनसामान्य को अधिकाधिक लाभान्वित करने हेतु निर्देशित किया।

**विभागीय योजनाओं से लाभान्वित हुए हितग्राही**

हमीरपुर में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में शिक्षा विभाग द्वारा 10 विद्यार्थियों को दिव्यांग सहायक उपकरण प्रदाय किए गए। जिसमें हिमांशु गुप्ता को स्टडी लैम्प, आयुश साहू को सुनने की मशीन, गणेश चौहान को फोल्डिंग वाकर, विनीता राठिया को स्मार्ट केन, रोहन सिदार को टाकिंग केल्कुलेटर, स्वागत गुप्ता को लो विजन किट, योगेन्द्र सिदार को व्हील चेयर काजल बंजारा को लो विजन किट, पियुष गुप्ता को व्हील चेयर प्रदाय किए गए। इसी तरह महिला बाल विकास विभाग द्वारा 5 बच्चों को अन्न प्राशन तथा 5 महिलाओं की गोद भराई की गई। मत्स्य विभाग द्वारा दो को आइस बाक्स एवं मछली जाल, उद्यान विभाग द्वारा 11 लोगों को पौधा वितरण किया गया। पशुधन विकास विभाग द्वारा 10 हितग्राहियों को मिनरल मिक्चर, 9 लोगों को अंत्योदय राशन कार्ड दिया गया। इसी तरह एनआरएलएम बैंक लिकेंज समूह की गतिविधियों के लिए प्रगति एसएचजी ग्राम भगोरा को 5 लाख रुपये का बैंक लोन तथा कृष्णा एसएचजी ग्राम-लक्ष्मीपुर को डेढ़ लाख रुपये लोन प्रदाय किया गया।

**विभिन्न विभागों ने लगाए स्टॉल, दी विभागीय योजनाओं की जानकारी**

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक शाखा धौराभाटा, कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग, पशुधन विभाग, उद्यानिकी विभाग, मछली पालन विभाग, आयुष विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तमनार, राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, जनपद पंचायत, खाद्य विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, आदिम जाति प्राथमिक कृषि शाखा सेवा सहकारी समिति मर्यादित, आदिवासी विकास विभाग, जल संसाधन, वन एवं जलवायु परिवर्तन, शिक्षा विभाग, मुख्यमंत्री बाल संदर्भ शिविर, महिला एवं बाल विकास विभाग, कौशल विकास तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग द्वारा स्टॉल लगा कर विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### सर्चिंग ड्यूटी पर निकले एएसआई कि सड़क दुर्घटना में मौत, आरक्षक घायल

**बीजापुर-रायपुर (आरएनएस)।** जिले के मिरतुर थाना क्षेत्र में गस्त सर्चिंग पर दो पहिया वाहन पर निकले डी आरजी में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक कि सडक़ दुर्घटना में मौत हो गई है, वहीं एक आरक्षक घायल हो गया है, जिसका उपचार मेकाज में चल रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सहायक उप निरीक्षक तेलम चमरू उम्र 39 वर्ष 28 अगस्त 2024 की रात दुपहिया वाहन से मिरतुर थाना क्षेत्र में गस्त सर्चिंग के लिए निकले हुए ठे इसी दौरान ग्राम बेचापाल के पास दुपहिया वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में सहायक उप निरीक्षक और साथ में बैठा जवान उदय कुमार पटवा गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल दोनों जवानों को साथी जवानों द्वारा उपचार के लिए दंतेवाड़ा अस्पताल ले जाया गया जहाँ उपचार के दौरान सहायक उप निरीक्षक तेलम चमरू की मौत हो गई। जिसके बाद घायल आरक्षक उदय कुमार को बेहतर उपचार के लिए मेकाज के लिए रिफर कर दिया गया जहाँ उपचार जारी है। दुर्घटना में मृतक सहायक उप निरीक्षक का शव दंतेवाड़ा से बीजापुर के लिए रवाना किया गया है, जहाँ गॉड ऑफ़ ऑनर के बाद शव को गृह ग्राम के लिए रवाना किया जायगा।

### शातिर बाइक चोर हुआ गिरफ्तार

**कोरबा-रायपुर (आरएनएस)।** पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी (भा.पु.से.) द्वारा अवैध गतिविधियों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने के निर्देश सभी थाना प्रभारियों को दिये गये हैं, उक्त निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान व नेहा वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा भूषण एक्का के मार्गदर्शन में सभी थाना एवं चौकी प्रभारी को अपने क्षेत्र में हो रहे मोटरसाइकिल चोर को पकडऩे के लिए दिशा निर्देश दिये गये थे। इसी क्रम में विभिन्न स्थानों से मोटर सायकल की अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा चोरी कर लिया गया था जिस पर संबंधित थाना/चौकी में वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में टीम गठित कर मोटरसाइकिल चोरी करने वालों का पता तलाश किया जा रहा था। इसी बीच थाना सिविल लाइन रामपुर कोरबा को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि पूर्व में भी मोटरसाइकिल चोरी करने वाला रोहित राजपूत नामक व्यक्ति बदल बदल कर मोटर साइकिल एवं स्कूटी चला रहा है कि इस सूचना पर टीम के द्वारा मोटरसाइकिल/स्कूटी को बरामद किया गया है तथा आरोपी रोहित राजपूत को गिरफ़्तार किया गया है, जिसे न्यायिक हिरासत हेतु न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक कोरबा के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ करवाही जारी रहेगी।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने केन्द्रीय कैबिनेट की बैठक में 1360 करोड़ रूपए की लागत के भालुमुड़ा-सारडेगा रेल परियोजना की स्वीकृति मिलने पर प्रदेशवासियों को दी बधाई

**रायगढ़**



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज केन्द्रीय कैबिनेट की बैठक में 1360 करोड़ रूपए लागत की भालुमुड़ा-सारडेगा रेल परियोजना की मंजूरी मिलने पर छत्तीसगढ़वासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में स्थित भालुमुड़ा से ओड़िसा के सारडेगा तक 37 किलोमीटर नई दोहरी रेल लाइन की मंजूरी दिए जाने से छत्तीसगढ़ में मौजूदा रेल नेटवर्क का विस्तार होने के साथ ही बड़ी संख्या में प्रदेशवासियों की देश के अन्य क्षेत्रों से कनेक्टिविटी बढ़ेगी और आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र का विकास होगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के भालुमुड़ा से ओडिसा के सारडेगा तक 37 किलोमीटर नई दोहरी रेल लाइन परियोजना से 25 लाख मानव दिवस का रोजगार सृजन होगा और 84 करोड़ किलोग्राम कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन में कमी आएगी जो 3.4 करोड़ वृक्षों के रोपण के तुल्य है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह मार्ग कृषि उत्पादों, उर्वरक, कोयला, लौह अयस्क, इस्पात, सीमेंट, चूना पत्थर आदि जैसी वस्तुओं के परिवहन में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। उन्होंने कहा कि नई रेल लाइन की स्वीकृति से छत्तीसगढ़ की देश के अन्य राज्यों से सीधी कनेक्टिविटी बनेगी, आवागमन में सुधार होगा तथा भारतीय रेलवे की दक्षता और सेवा संबंधी विश्वसनीयता भी बढ़ेगी।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति (सीसीईए) ने आज रेल मंत्रालय की लगभग 6456 करोड़ रुपये की कुल अनुमानित लागत वाली तीन परियोजनाओं को मंजूरी दी है। ओडिशा, झारखंड, पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ जैसे 4 राज्यों के 7 जिलों में लागू की जाने वाली तीन परियोजनाएं भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क को लगभग 300 किलोमीटर तक बढ़ा देंगी। इन परियोजनाओं से दूर-दराज के इलाकों को आपस में जोड़कर लॉजिस्टिक्स दक्षता में सुधार लाने, मौजूदा लाइन क्षमता बढ़ाने और परिवहन नेटवर्क का विस्तार करने के साथ-साथ आपूर्ति श्रृंखला को सुव्यवस्थित किया जा सकेगा जिससे तेजी से आर्थिक विकास होगा। मल्टी-ट्रैकिंग प्रस्ताव परिचालन को आसान बनाएगा और भीड़भाड़ को कम करेगा, जिससे भारतीय रेलवे के सबसे व्यस्त खंडों पर बेहद जरूरी बुनियादी ढांचे का विकास होगा।

## सौम्या चौरसिया को हाईकोर्ट से फिर लगा झटका, तीसरी बार जमानत याचिका खारिज

**बिलासपुर** | आरएनएस

कोल लेव्ही वसूली मामले में पूर्व मुख्यमंत्री की उपसचिव रह चुकी सौम्या चौरसिया की ज़मानत याचिका को हाईकोर्ट ने तीसरी बार खारिज कर दिया है। जस्टिस एन के व्यास की सिंगल बेंच ने यह निर्णय सुनाते हुए याचिका को खारिज कर दिया। इस निर्णय की पुष्टि राज्य के उप महाधिवक्ता और ईडी के विशेष लोक अभियोजक डॉ. सौरभ कुमार पांडेय ने की है।

बता दें कि 570 करोड़ के कोल लेव्ही वसूली मामले में सौम्या चौरसिया के साथ ही आईएएस समीर बिश्नोई रानू साहू व अन्य को ईडी ने गिरफ्तार किया था। कोल कारोबारियों से परिवहन व पीट पास जारी करने की एवज में प्रति टन के हिसाब से रुपए वसूले जाते थे। जो कारोबारी रकम नहीं देता था उसे परिवहन पास नहीं दिया जाता था।

इसे एक पूरे सिंडिकेट की तरह चलाया जाता था। सिंडिकेट का किंगपिंग कारोबारी सूर्यकांत तिवारी को माना गया था। सूर्यकांत तिवारी को यह शक्ति सौम्या चौरसिया से प्राप्त होती थी। ईडी ने जांच के बाद सौम्या चौरसिया और दो आईएएस के अलावा अन्य को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

## आज छत्तीसगढ़, यूपी, पंजाब, दिल्ली सहित कई राज्यों में होगी झमाझम बारिश...चेतावनी जारी

**रायपुर/दिल्ली** | आरएनएस

इन दिनों कुछ राज्यों में हल्की बारिश का दौर जारी है तो कुछ राज्यों में मौसम साफ है और लोगों को गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। इन सब के बीच एक बार फिर झमाझम बारिश की चेतावनी जारी की गई है। आज और कल देश के कई राज्यों में जोरदार वर्षा हो सकती है। आज गुजरात के पश्चिमी हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है।

वहीँ, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, गोवा, गुजरात, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। मौसम की भविष्यवाणी सौराष्ट्र और कच्छ पर गहरा दबाव बना हुआ है। इसके सौराष्ट्र और कच्छ क्षेत्र में पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम दिशा में बढऩे की संभावना है और सौराष्ट्र और कच्छ तट और पाकिस्तान के आसपास के इलाकों और उत्तर-पूर्व अरब सागर तक पहुंच जाएगा। उत्तरी मध्य प्रदेश और दक्षिण-पूर्वी उत्तर प्रदेश पर कम दबाव का क्षेत्र कम चिह्नित हो गया है।

बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल के गंगा के मैदानी इलाकों, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, पूर्वी उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, कोंकण और गोवा, गुजरात क्षेत्र, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, लक्षद्वीप, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू कश्मीर, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में हल्की से मध्यम बारिश संभव है। आंतरिक कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम, पश्चिमी राजस्थान और मराठवाड़ा में हल्की बारिश संभव है।

## ईआरएम एवं ईडब्ल्यूआर के संबंध में आयोजित हुई वर्कशॉप

**❑ जिला कोषालय अधिकारी ने प्रकरणों के निराकरण के संबंध में दी जानकारी**

**रायगढ़**



जिला कोषालय रायगढ़ द्वारा इरर रेक्टिफिकेशन मॉड्यूल (ईआरएम) एवं एक्जिट विड्रॉल रिक्वेस्ट (ईडब्ल्यूआर)विषय पर वर्कशॉप का आयोजन आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में किया गया। जिसमें जिले के समस्त डीडीओ के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

जिला कोषालय अधिकारी ज्योति सिंह द्वारा एनपीएस से ओपीएस विकल्प का चयन किए जाने पर सेवानिवृत्ति, मृत, अशक्तता या फैमिली पेंशन के प्रकरणों में किस तरह एनपीएस राशि का आहरण किया जाना है व पीपीओ जारी करने की पूरी प्रक्रिया तथा आवश्यक दस्तावेज के बारे विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही जीपीएफ प्राधिकार पत्र, जीपीएफ ऋणात्मक शेष के संबंध में चर्चा कर निराकरण हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान कार्मिक संपदा एवं ई-बिल में आ रही समस्याओं के बारे में चर्चा की गई। उन्होंने कर्मचारियों के सेवा पुस्तिका में नॉमिनी के नाम, ओपीएस विकल्प चुनने की प्रविष्टि, कर्मचारी के मृत्यु की प्रविष्टि अनिवार्य रूप से किए जाने के निर्देश दिए। वर्कशॉप में सहायक कोषालय अधिकारी पुष्पेन्द्र चंद्रा, सहायक कोषालय अधिकारी ओफरसिया खलखो, कोषालयीन कर्मचारी राजीव बरेठ, अनिल सिंह एवं जिले के समस्त डीडीओ के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## आयुष्मान कार्ड से जल्द 10 लाख तक करा सकेंगे इलाज, स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी ने कहा – राशि बढ़ाने की चल रही प्रक्रिया

**रायपुर** | आरएनएस



छत्तीसगढ़ में आयुष्मान कार्ड का बजट बढऩे वाला है. इस मामले पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा, शहीद वीरनारायण सिंह योजना के माध्यम से 5 लाख तक का इलाज मिल रहा है. 5 लाख रुपए तक का इलाज आयुष्मान योजना के तहत कर रहे हैं. हमारी घोषणा पत्र के आधार पर आयुष्मान योजना के तहत इलाज की राशि 5 से बढ़ाकर 10 लाख तक किया जाएगा. इसकी प्रक्रिया चल रही है.

कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज को लेकर मंत्री श्यामबिहारी ने कहा, सरकार किसी का भी हो, कानून अपने हिसाब से काम करता है. विष्णु देव साय की सरकार है. सभी बिंदुओं को देखते हुए हर जगह कार्रवाई भी की जारी है. ऐसा प्रदेश में कहीं भी नहीं है कि पुलिस ने गलत तरीके से लाठीचार्ज किया हो. डायरेक्ट धमकी कांग्रेस के नेता देते रहते हैं. ये वहीं भूपेश बघेल हैं, वहीं कांग्रेस पार्टी है, जो बर्बरता पूर्वक महिलाओं पर लाठी चार्ज कराई. पत्रकारों को पिटवाने का काम किया. भाजपा के कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज करने का काम किया. पिछले 5 साल में किस प्रकार से इन्होंने कानून को अपने जेब में लेकर काम किया, इनको बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है.

**स्वाइन फ्लू को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट**

छत्तीसगढ़ में स्वाइन फ्लू के बढ़ते मामलों पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, हर साल स्वाइन फ्लू और मौसमी बीमारियों का केस आता है. इस साल भी हजारों की संख्या में केस आए हैं. हमारी हेल्थ की टीम सफलता पूर्वक इसका समाधान किया है. पूरे प्रदेश में अब तक स्वाइन फ्लू से 12 की मौत हुई है. स्वाइन फ्लू को लेकर जांच और इलाज के पर्याप्त व्यवस्था हैं. साथ ही उचित इलाज के निर्देश दिए गए हैं।


SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU


## छत्तीसगढ़ के माओवादी आतंक प्रभावित जिलों के विद्यार्थियों को तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा के लिए मिलेगा ब्याज रहित ऋण-मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

**रायगढ़**

छत्तीसगढ़ के माओवादी आतंक से प्रभावित जिलों में कमजोर आर्थिक स्थिति वाले परिवारों के बच्चों को तकनीकी एवं व्यावसायिक उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर दिलाने के लिए ब्याज मुक्त ऋण दिया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इन जिलों में अधिक से अधिक विद्यार्थियों को 'मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा ऋण ब्याज अनुदान योजनाÓ के तहत लाभान्वित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इसके लिए विशेष अभियान चलाने कहा है।

मुख्यमंत्री साय ने राज्य के अन्य जिलों के कलेक्टरों को भी कमजोर आर्थिक स्थिति वाले परिवारों के बच्चों को भी तकनीकी एवं व्यावसायिक उच्च शिक्षा के लिए एक प्रतिशत के ब्याज दर पर दी जा रही ऋण सुविधा का लाभ दिलाने के निर्देश भी दिए हैं।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा ऋण ब्याज अनुदान योजना के संचालन के लिए तकनीकी शिक्षा विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है। इस योजना के अंतर्गत डिप्लोमा, स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के 35 तकनीकी एवं अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को शामिल किया गया है। योजना में ब्याज अनुदान के लिए शिक्षा ऋण की अधिकतम सीमा रूपये 4 लाख निर्धारित है।

मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा ऋण ब्याज अनुदान योजना के तहत तकनीकी शिक्षा एवं अन्य व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रमों में प्रवेशित ऐसे छात्रों को, जिनके परिवारों की वार्षिक आय 2 लाख से कम है, उनको मोरेटोरियम अवधि के पश्चात ऋण किश्तों के नियमित भुगतान की स्थिति में केवल एक प्रतिशत की दर से ब्याज देय होगा। शेष ब्याज की राशि का भुगतान राज्य शासन द्वारा सीधे संबंधित बैंक को किया जायेगा।

राज्य के माओवादी आतंक प्रभावित जिले बस्तर, बीजापुर, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा, जशपुर, उत्तर बस्तर कांकेर, कोरिया, नारायणपुर, राजनांदगांव, सरगुजा धमतरी, महासमुंद, गरियाबंद, बालोद, सुकमा, कोण्डागांव एवं बलरामपुर जिले के छात्रों को ब्याज मुक्त ऋण मिलेगा।

इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए निर्धारित शर्तों में छात्र को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना चाहिए। छत्तीसगढ़ राज्य में स्थापित तथा सक्षम प्राधिकारी (यथा एआईसीटीई, यूजीसी) मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रम प्रवेशित हो। अधिकतम पारिवारिक आय रूपये 2 लाख होनी चाहिए, जो कि सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण-पत्र द्वारा प्रमाणित होनी चाहिए।

योजना के अंतर्गत ब्याज अनुदान के लिए शिक्षा ऋण की अधिकतम सीमा रूपये 4 लाख है। ब्याज अनुदान का लाभ लेने के लिए नियमित रूप से ऋण किश्तों का भुगतान अनिवार्य है। ड्राप ऑउट एवं निष्कासित छात्र इस योजना के लाभार्थी नहीं बने रहेंगे किन्तु चिकित्सीय कारणों से एक वर्ष की अधिकतम सीमा तक अध्ययन में रूकावट होने की दशा में पात्रता बनी रहेगी।